कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक,
नं.1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 500 009
Office of the Controller Of Defence Accounts
No.1 Staff Road, Secunderabad-500 009
(Phone No.:040-27843385/7957)
Email : cda-secd@nic.in

सं. एन.पी.एस./सामान्य/पत्राचार/2023-24 दिनांक: 29.09.2023

सेवा में,

i. व.ले.अ. (सिविलियन वेतन ग्रूप)
ii. व.ले.अ. (प्रशा/वेतन)
iii. निकासी एवं संवितरण कार्यालय (सूची के अनुसार)

विषय: एनपीएस निरीक्षण तंत्र - तिमाही बैठक - 09/23 को समाप्त तिमाही - के संबंध में।
संदर्भ: मुख्यालय कार्यालय का दि. 30.09.2019 का पत्रांक AT-II/NPS/Corrs/V01

वित्तीय सेवा विभाग के दिनांक 21.10.2016 के का.ज्ञा. के संदर्भ में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के लिए सचिव (पेंशन) की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था जिसमें सचिव, वित्तीय सेवा विभाग और सचिव (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) शामिल हैं। उक्त समिति ने **निकासी एवं संवितरण कार्यालय /कार्यालय प्रमुख, संयुक्त सचिव (प्रशासन)/मुख्य लेखा नियंत्रक और वित्तीय सलाहकार के त्रि-स्तरीय एनपीएस निरीक्षण** तंत्र को मजबूत करने की सिफारिश की थी। साथ ही, वित्त मंत्रालय द्वारा अपने दिनांक 03.02.2009 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से **केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संबंध में बिना किसी देरी के डेटा के पंजीकरण/नियमित अपलोड और एनपीएस योगदान के हस्तांतरण की निगरानी के लिए** संयुक्त सचिव (प्रशासन) और प्रधान सीसीए/सीसीए की अध्यक्षता में समिति के गठन का प्रावधान किया गया।

2. तदनुसार, एनपीएस में उनके योगदान हेतु केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन से की गई कटौती को समय पर जमा करने को सुनिश्चित करने के लिए, तथा साथ ही एनपीएस वित्तीय संरचना में केंद्र सरकार के लागू योगदान को सुनिश्चित करने के लिए, रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद द्वारा समग्र निरीक्षण और बेहतर निगरानी तंत्र के लिए <u>दिनांक 11/11/2019 के पत्रांक NPS Cell/Gen Corr/2019</u> के माध्यम से निम्नलिखित सदस्यों को शामिल करते हुए एक समिति का गठन किया गया है।

(a) रक्षा लेखा नियंत्रक (समिति के अध्यक्ष)
(b) ग्रूप अधिकारी (एन.पी.एस.)
(c) निकासी एवं संवितरण कार्यालय
(d) वे.ले.का.
(e) लेखा अधि. (प्रशा/वेतन), मुख्य कार्यालय
(f) लेखा अधि. (सिविलियन वेतन ग्रूप), मुख्य कार्यालय
(g) वरिष्ठ लेखा अधि. (एन.पी.एस.), मुख्य कार्यालय

3. सक्षम प्राधिकारी ने 13 अक्टूबर, 2023 को प्रातः 10:30 बजे 09/2023 को समाप्त तिमाही के लिए तिमाही एनपीएस निगरानी समिति की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है। बैठक का स्थान मुख्य कार्यालय, र.ले.नि., सिकंदराबाद का डीएआरसी हॉल है। बैठक की कार्यसूची के बिंदु निम्नानुसार हैं:-

- मुख्यालय कार्यालय के दिनांक 30/08/2023 के पत्र पर चर्चा की जाएगी।
- डीडीओ को PROTEAN पोर्टल पर उनकी भूमिका और गतिविधियों के बारे में संवेदनशील बनाना।
- नए जुड़ने वालों का पंजीकरण और उनके लिए PRAN का सृजन तथा पहला अंशदान।
- हर महीने मासिक अंशदान का सिस्टम में प्रविष्टि।
- एनपीएस से बाहर निकलने पर निकासी अनुरोध को संसाधित करना।
- गैर-आईआरए खातों का अद्यतन न होना।
- पुराने मामलों के निपटान के लिए आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाना।
- अस्वीकृत एससीएफ पर त्वरित कार्रवाई।
- PROTEAN की ओर से संचालन समीक्षा रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई।
- वे.ले.का. की नवीनतम परिचालन समीक्षा रिपोर्ट की समीक्षा।

4. आगे, आपसे अनुरोध है कि 13 अक्टूबर 2023 को अपने कार्यालय की अनुपालन रिपोर्ट के साथ बैठक में भाग लें। इस पत्र की पावती ईमेल द्वारा secd-npscel-cda@nic.in पर दें।

"परम अग्रता" प्रदान करें।

ग्रूप अधिकारी (एन.पी.एस.) ने देख लिया है ।

साई किरण

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (एन.पी.एस)

<u>प्रतिलिपि:</u>

आई.टी. अनुभाग - र.ले.नि., सिकंदराबाद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
स्थानीय

Sd/-

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (एन.पी.एस)